## एक नजर में

### हादसे में घायल युवक रामेश्वर नागदा की उपचार के दौरान मौत



**नीमच।** बुधवार शाम नीमच-मनासा मार्ग पर नीमच सिटी थाने से कुछ ही दूरी पर मनासा नाके के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल रेवली-देवली निवासी रामेश्वर पिता पुष्कर नागदा (उम्र 32 वर्ष) का शुक्रवार को उदयपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। घटना के दौरान रामेश्वर नागदा की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। हालत गंभीर होने पर उन्हें नीमच से उदयपुर रैफर किया गया, जहां चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। रामेश्वर नागदा हंसमुख और मिलनसार प्रवृत्ति के युवक थे। शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे रेवली-देवली स्थित निवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, परिचित व मित्र शामिल हुए। सभी ने सजल नयनों से अंतिम विदाई दी।

### भावांतर भुगतान योजना, जिले की कृषि मंडियों में सोयाबीन खरीदी का कार्य प्रारंभ



**नीमच।** म.प्र.शासन द्वारा वर्ष 2025-2026 में सोयाबीन फसल के लिए भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। शासन के निर्देशानुसार जिले में आज समस्त कृषि मंडी ( नीमच मनासा एवं जावद) में व्यापारी एवं कृषकों की उपस्थिति में सोयाबीन खरीदी कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू , एसडीएम जावद श्रीमती प्रीति संघवी ,एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना ने संबंधित कृषि उपज मंडी पहुंचकर ,भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी कार्य का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। मनासा एवं नीमच मंडी में भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों द्वारा अपनी सोयाबीन उपज शुक्रवार से विक्रय के लिए लाना प्रारंभ कर दी है

उल्लेखनीय है कि सोयाबीन खरीफ भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी के संबंध मंडी सचिवों को निर्देशित किया गया है। साथ ही मंडी प्रशासक एवं एसडीएम सीधे योजना की निगरानी कर रहे हैं। किसानो की सुविधा के लिए,और आवश्यक व्यवस्थाओं प्रबंधों का संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार मंडी परिसरों का निरीक्षण कर रहे है।

ज्ञातव्य है कि सोयाबीन खरीफ भावांतर भुगतान योजना के लिए किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से प्रारंभ किए गए थे ।जिसके तारतम्य में सोयाबीन फसल खरीदी का कार्य 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक समस्त कृषि उपज मंडी ( नीमच जावदमनासा ) पर प्रारंभ किया जा चुका है। भावांतर योजना एक मूल्य कमी भुगतान योजना है। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना और बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव से बचाना है। यदि किसान अपनी सोयाबीन की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर बेचता है, तो सरकार एमएसपी और विक्रय मूल्य/मॉडल मूल्य के अंतर की राशि सीधे किसान के बैंक खाते में भुगतान करेगी।

### फिर बदलेगा मौसम, बारिश की संभावना, दो दिनों से स्थिर तापमान

**नीमच।** जिले में मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में एक बार फिर बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसका असर जिले में भी देखने को मिल सकता है। खासकर 27 और 28 अक्टूबर को आसमान में बादल छाने और बिजली गिरने के साथ बरसात होने की संभावना जताई गई है। दो दिनों से तापमान में नहीं हुआ कोई बदलाव पिछले दो दिनों से जिले में मौसम लगभग स्थिर बना हुआ है। शुक्रवार और शनिवार को दोनों दिन अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान करीब 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तरह दो दिन से तापमान में कोई खास बदलाव नहीं देखने को मिला है। मौसम विभाग के अनुसार, यह स्थिरता वेस्टर्न डिस्टरबेंस के आने से पहले की स्थिति मानी जा सकती है। रात में गर्मी, सुबह में ठंड का एहसास शनिवार की रात लोगों ने हल्की गर्मी का एहसास किया, जबकि शनिवार की सुबह हल्की ठंड महसूस हुई। दिन में धूप के कारण गर्मी का असर बढ़ जाता है, वहीं रात में ठंडी हवाओं से हल्की सर्दी का अहसास होने लगा है। इस तरह दिन और रात के तापमान में फर्क लोगों को मौसम में बदलाव का एहसास करा रहा है। कभी गर्मी तो कभी ठंड से लोग परेशान मौसम के इस बदलते मिजाज से लोग असमंजस में हैं। दिन में गर्मी और रात में ठंड के कारण कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी होने लगी हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के मौसम में सर्दी-जुकाम या बुखार जैसी दिक्कतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इसलिए सुबह और रात में बाहर निकलते समय हल्के गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस से बदलेंगे हालात मौसम विभाग ने बताया कि, एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस जल्द सक्रिय होगा। इसके असर से संभाग के कई हिस्सों में बादल छाने और बारिश होने की संभावना है। जिले में भी इसका असर दिख सकता है। विभाग ने किसानों और ग्रामीणों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। 27 और 28 अक्टूबर को ज्यादा असर की संभावना मौसम विभाग का कहना है कि इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर 27 और 28 अक्टूबर को देखने को मिलेगा। इन दो दिनों में आसमान में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बिजली गिरने के साथ हल्की बारिश हो सकती है। विभाग ने एहतियात के तौर पर खुले में काम करने वाले लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

### पोरवाल समाज का दीपावली मिलन समारोह आज

**नीमच।** पोरवाल समाज समिति की महत्वपूर्ण बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय पर विचार विमर्श किया गया था जिसमे 26 अक्टूबर को दीपावली मिलन समारोह प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष की धूमधाम से मनाया जाएगा। महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता बच्चों के लिए खेलकूद एवं 20 वर्ष की अधिक उम्र वालों के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। पोरवाल महिला मंडल द्वारा संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन रखा जाएगा एवं पूर्व युवा संगठन द्वारा कपल गेम रखे जाएंगे और वह समाज समिति द्वारा अध्यक्ष रखा जाएगा तीनों केवल फर्स्ट सेकंड थर्ड प्रतियोगिता विजेताओं को उपहार स्वरूप गिफ्ट दिए जाएंगे.

# बाह्य ज्योति से आंतरिक ज्योति का मेल ही योग है : सुरेंद्र जैन

- योग साधकों का आयोजित हुआ दीपावली मिलन समारोह




**मन्दसौर। नगर में योग की अलख जगाने वाली अग्रणी संस्था दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा शनिवार को प्रात:काल की शुभ बेला में साधकों का दीपावली मिलन समारोह स्थानीय योग भवन में आयोजित हुआ।**

योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने सभी उपस्थित साधकों को दीपोत्सव की मंगल कामनाएं देते हुए कहा कि बाह्य ज्योति से आंतरिक ज्योति का मेल ही योग है। दिवाली का पर्व प्रकाश के साथ आत्म निरीक्षण का पर्व भी है। दैनिक जीवन में योग रूपी दीप प्रज्वलित कर साधना करे तो सभी स्वस्थ और निरोगी रहकर सुखमय जीवन प्राप्त कर सकते है।

संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने कहा कि प्रकाश के इस पर्व में हम अपने जीवन में व्याप्त बुराइयों को दूर कर अच्छी आदतों का अनुसरण करे। हमारे दिन की शुरुआत योग के साथ होती है जिससे प्राप्त ऊर्जा को हम दिनभर मिलने वाले लोगों के साथ बांटे तथा उन्हें भी योग करने हेतु प्रेरित करे।

इस अवसर पर लतेश हाड़ा, लाजवंती हाड़ा, लोकेन्द्र जैन, नीलम जैसवानी, प्रीति जैन, अरूण शर्मा, राजकुमार अग्रवाल ने मधुर वाणी में गीत, कविता व शुभकामना संदेश प्रस्तुत किये।

समारोह का प्रारंभ ''ऊँ'' की ध्वनि के साथ हुआ। इस अवसर पर योग शिक्षक ओम गर्ग, जिनेन्द्र उकावत, जितेश फरक्या, बीना गर्ग, कृष्णा मंडलोई, धरमदास संगतानी, ललित जैन वरमण्डवाला, प्रमेन्द्र चौरड़िया, विजय पलोड़, कैलाश रिछावरा, राजेन्द्र चाष्टा, दिनेश पारिख, सोरभ जैन, जापानी भावनानी, सुमन रावल, गिरवर माली, अनिल कोठारी, महेश सेठिया, सुभाष पाटीदार, कंवरलाल पाटीदार, प्रदीप जैन, अलका उदीवाल, गोपालकृष्ण पलोड़, आनंद करन, ज्योति चौरड़िया, संध्या शर्मा, आनंद कश्यप, शांकी कश्यप, अनुपम माली, दिलीप चौधरी, करिश्मा गोखलानी, कोमल कोटवानी, सी.एस. नाराणिया, अनिल भामावत, योगेश गुप्ता सहित सैकड़ों साधकों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए सभी सुखी रहे निरोगी रहे की कामना की। अंत में आभार सचिव लोकेन्द्र जैन ने व्यक्त किया।

## एकता नगर निवासी युवक ने घर में फांसी लगाई



**नीमच। शहर के बघाना थाना क्षेत्र से शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। एकता नगर निवासी 22 वर्षीय ओकेश सिकलीगर पुत्र मदनलाल सिकलीगर ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।**

जानकारी के अनुसार, युवक ने शाम करीब 5 बजे घर के दूसरे माले पर टॉवेल से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

जब परिजनों को घटना का पता चला, तो घर में चीख-पुकार मच गई। परिवारजन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बघाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया।

शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल, युवक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे घटना के पीछे की वजह रहस्य बनी हुई है।

थाना प्रभारी बघाना ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर रही है ताकि इस दुखद कदम के पीछे की सच्चाई सामने आ सके।

## जर्जर मनोरंजन के संसाधन कर रहे बच्चों को घायल

- , पार्क में बनाए लायन की भी रंगत गायब, असामाजिक तत्वों का बना अड्डा
- अनदेखी : शहर का सबसे पहला सीआरपीएफ रोड लायंस पार्क उजड़ा



**नीमच।** शहर का सबसे पहला सीआरपीएफ रोड़ के मध्य बनाया लायंस पार्क नगर पालिका की इन दिनों अनदेखी का शिकार होकर जर्जर अवस्था में पहुंच चुका हैं। जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे, इस कारण चहुंओर गंदगी के साथ ही शाम होते यह पार्क असामाजिक तत्वों और शराबखोरों का अड्डा बन जाता हैं। हाल यह है कि यहां बच्चों के मनोरंजन के लिए मुख्य द्वार पर बनाए गए लायन की रंगत ही उड़ चुकी हैं और चहुंओर दुकानों के कारण रमणिय स्थल आज अतिक्रमण की भेंट चढ़ता जा रहा हैं।

ऐसा नहीं की यहां आसपास के क्षेत्रों से बच्चे परिवार के साथ आते नहीं हैं, आते हैं पर संसाधन टूट फूट रहे हैं, पार्क की रंगरोगन नहीं हैं कुर्सियां टूट चुकी हैं। पोल की बिजली भी रामभरोसे जलती हैं, ऐसे में क्षेत्रवासियों के साथ टहलने आने वाले लोगों ने भी धीरे-धीरे अब इससे दूरी बना ली हैं। लोगों का कहना है कि शाम होते हालात ये हो जाते हैं कि मुख्य गेट के सामने भी दुकानें जम जाती हैं, मुख्य गेट के निकले सरिये-लायंस पार्क का मुख्य गेट जर्जर होकर किसी भी दिन गीर सकता हैं। गेट पर सरिये बाहर निकल आए हैं। लायन पर बना रखी फिसलपट्टी बच्चों को घायल करती हैं, चकरी, कुर्सियां और छतरी टूट चुकी हैं। हाथी की सुंड टूट चुकी हैं और रंग तो जैसे बरसों से किया ही नहीं हैं। परिसर में यहां वहां शराब की बोतले पड़े हुई हैं। ध्यान देना चाहिए-सेवानिवृत्त नंदकिशोर पाटीदार का कहना है कि हम जब से नीमच आए तब से यहा पार्क है। 50 साल पुराना तो हैं, ध्यान देना चाहिए। पहले नीमच का एक मात्र बगीचा था यह, सभी बच्चे यहां खेलने आते थे, किलेश्वर महादेव का बगीचा भी बाद में बना, यह शहर का नंबर वन पार्क था। अपनी बेटी की नन्ही बेटी के जीद करने पर लायंस पार्क घुमाने के लिए आए, बेटी ने कहा कि मेरी मम्मी भी यहां आती थी। बच्ची जैसे ही लायन पर बनी फिसलपट्टी से फिसली पैर में चोंट लग गई।

नपा अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा का कहना है किसीआरपीएफ रोड स्थित लायंस पार्क के लिए हमने बोल दिया हैं, रंगरोगन का कार्य भी शुरू हो जाएगा। सीएमओ को निर्देशित कर दिया है कि डीपीआर बनाकर शीघ्र ही पार्क का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

## नहाय-खाय से शुरू हुई छठ मैया की पूजा, आज खरना कार्यक्रम



**नीमच।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा इस साल 25 अक्टूबर से शुरू होकर 28 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान इस बार भी पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

मुख्य कार्यक्रम शहर के सीआरपीएफ और इंद्रानगर तालाब पर होगा। पर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर (शनिवार) को नहाय-खाय के साथ हुवी। इस दिन व्रती महिलाएं स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण करती हैं, जिसे कद्दू-भात कहा जाता है। अगले दिन 26 अक्टूबर को खरना पूजन होगा। शाम के समय व्रती खीर और रसिया खाकर लगभग 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ करेंगी।

27 अक्टूबर सोमवार को संध्या अर्घ्य दिया जाएगा, जब व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी। इसके अगले दिन 28 अक्टूबर (मंगलवार) को प्रात: अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा संपन्न होगी। इस अवसर पर नदी के घाटों और पूजा स्थलों पर विशेष सजावट और स्वच्छता की व्यवस्था की जा रही है।

## हाईवे पर नंदी से टकराई तेज रफ्तार गाड़ी, चार घंटे की कोशिशों के बाद भी नहीं बच सकी जान




**नीमच। गऊ नंदी सेवा धाम में अब तक का सबसे बड़ा और रेस्क्यू ऑपरेशन शुक्रवार शाम किया गया। शाम करीब 7 बजे बरूखेड़ा फंटे पर एक नंदी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसा इतना भयावह था कि नंदी का पेट फट गया और उसकी आतें बाहर निकल आईं।**

घटना की सूचना मिलते ही गऊ सेवा दल की टीम अपनी गौ एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और घायल नंदी को रेस्क्यू कर गऊ नंदी सेवा धाम लाया गया। वहां तत्काल पशु चिकित्सक डॉ. मयंक राठौर को बुलाया गया, जिन्होंने टीम के साथ मिलकर नंदी का कठिन ऑपरेशन शुरू किया।

लगातार दो से तीन घंटे चले इस जटिल ऑपरेशन के दौरान डॉ. राठौर और उनकी टीम ने पूरी निष्ठा से नंदी की जान बचाने की कोशिश की। परंतु गहरी चोटों और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण अंतत: नंदी की मृत्यु हो गई। रेस्क्यू से लेकर ऑपरेशन तक की पूरी प्रक्रिया लगभग चार से पांच घंटे चली। पूरी रात गऊसेवक और चिकित्सक नंदी की सेवा में जुटे रहे।

गौसेवक मितेश अहीर ने बताया कि नेशनल हाईवे पर गौवंश के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसका मुख्य कारण डिवाइडरों पर उगने वाली हरी घास है, जिससे मवेशी सड़क पर आ जाते हैं और वाहन की चपेट में आ जाते हैं।

**एक नजर** — मंदिर के अंदर के निर्माण कार्य को मेले को ध्यान में रखते हुए जल्द पूर्ण करें : कलेक्टर

# पत्थरों पर की जा रही डिजाइन, सौंदर्य एवं शिल्पकला को आकर्षक बनाएं

### कलेक्टर अदिति गर्ग ने पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्यों की बैठक कर कार्यों का निरीक्षण किया



**मंदसौर/नाहरगढ।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक मंदिर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने चर्चा की। कलेक्टर ने पशुपतिनाथ लोक के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर के अंदर के सभी निर्माण कार्य मेले के आरंभ से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में बताया गया कि लोक निर्माण के अंतर्गत कैंपस का कार्य, दीवार निर्माण एवं पत्थर लगाने का कार्य प्रगति पर है। सिविल वर्क पूर्ण होने के पश्चात इलेक्ट्रिकल कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों पर शीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा ड्रेनेज सिस्टम की उचित जांच पीआईयू विभाग द्वारा की जाए। उन्होंने कहा कि बेंच, लाइट, रैंप और अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच अनिवार्य रूप से की जाए और पुराने कार्यों का सेफ्टी ऑडिट भी करवाया जाए।

कलेक्टर गर्ग ने यह भी निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जाए, जिससे मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहे। बैठक के बाद कलेक्टर ने पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन क्षेत्रों जैसे घास ग्राउंड, बावड़ी, पानी निकासी व्यवस्था और ढलान का अवलोकन किया तथा बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पत्थरों पर की जा रही डिजाइनों को भी देखा और सौंदर्य एवं शिल्पकला के दृष्टिकोण से उन्हें और आकर्षक बनाने के सुझाव दिए। साथ ही निर्देश दिया कि लोक निर्माण कार्यों में दिव्यांगजन, बुजुर्ग की सुविधा के लिए रैंप अनिवार्य रूप से बनाया जाए ताकि सभी श्रद्धालु आसानी से दर्शन के लिए पहुंच सकें।